हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 9 मई 2024

13 रेडक्रॉस के इतिहास, क्रिया कलापों पर डाला प्रकाश



12 पहला मैच जीतकर फाइनल में पहुंची बैंकर्स इलेवन



## महिला के गले से तोड़ी सोने की चेन

**महेंद्रगढ़।** सतनाली बस स्टैंड पर बस में चढ़ती महिला का अज्ञात चोरों ने गले से सोने की चेन तोड़ ली। पीड़ित महिला ने पुलिस थाने में शिकायत देकर चेन बरामद करने तथा चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। महिला दर्शना ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह चरखी दादरी जिले के कारी मोध्द गांव की निवासी हैं। सात मई को वह अपने गांव कारी मोध्द से अपने पीहर गहली जा रही थी, जब समय करीब 11 बजे दिन में बस स्टैड सतनाली से महेंद्रगढ़ जाने वाली बस में चढ़ने लगी तो बस की खिड़की में दो-तीन महिला खड़ी थी। इसके बाद वह महिला बस से नीचे उतर गई। इसके बाद गले में पहनी सोने की चेन नहीं मिली। इसके बाद बस स्टैंड पर जाकर देखा तो वहां पर भी चेन नहीं मिली।

# 10 को परशुराम जयंती, 11 को दूसरा शनिवार व फिर संडे, 3 दिन स्कूल रहेंगे बंद

**सरकारी छुट्टी पर प्राइवेट स्कूल रहेंगे बंद या खुलेंगे, अभी संशय, ईद की छुट्टी के दिन स्कूल खुलने से हादसे में गई थी छह बच्चों की जान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शिक्षा विभाग के आदेश है कि राजपत्रित अवकाश, दूसरा शनिवार व रविवार को स्कूल बंद रहेंगे। बावजूद पिछले माह 11 अप्रैल को ईद पर्व पर अवकाश होने के बाद भी प्राईवेट स्कूल खुले थे। हालांकि स्कूल बस हादसा चालक की लापरवाही से हुआ था, फिर भी अवकाश के दिन स्कूल खुले होने पर शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ गए थे। दोबारा इस तरह की घटना ना हो, सबक लेते हुए डीईओ कार्यालय से जिला के प्रत्येक खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए है। ऐसे में 10 मई शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती, 11 मई को माह का दूसरा शनिवार और 12 मई को रविवार होने के कारण तीन दिन का अवकाश रहेगा। प्राइवेट स्कूलों के सामने अब लगातार दिन का अवकाश करना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग के इस आदेश पर प्राइवेट स्कूल कितने खरे उतरते है।

जानकारी के मुताबिक 11 अप्रैल को ईद पर्व पर सरकारी छुट्टी थी। इसके बावजूद जिला की नहीं शायद प्रदेश के अधिकांश प्राईवेट स्कूल खुले थे। उस दिन सुबह स्कूल बस से बच्चों को लेकर आते वक्त दुर्घटना हो गई और चालक की लापरवाही से छह बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे का शोर पूरे देश ने सुना और हरियाणा सरकार ने कई सख्त कदम उठाते हुए कार्रवाई शुरू की। इस तरह के हादसे अगर हो तो शिक्षा विभाग की कमी सामने ना आए। इस बात को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए है।



- डीईओ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जारी किया पत्र

नारनौल। डीईओ सुनील दत्त।

### डीईओ के आदेश, अवहेलना करने पर होगी कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत की ओर से जिला के प्रत्येक खण्ड शिक्षा अधिकारियों को पत्र क्रमांक 2428-33 जारी किया है। इसमें आदेश दिए गए है कि खण्ड के अधीन संचालित राजकीय एवं अराजकीय विद्यालय हरियाणा सरकार द्वारा घोषित किसी भी राजपत्रित अवकाश/दूसरा शनिवार/रविवार को बंद रहेंगे। हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा जारी स्थानीय अवकाश के दौरान भी सभी विद्यालय बंद रहेंगे। किसी भी तरह के क्रिया-कलाप को संचालित करने के लिए विद्यार्थियों को विद्यालय में ना बुलाया जाए। अगर किसी भी विद्यालय द्वारा इस आदेश की अवहेलना की जाती है तो उस विद्यालय के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अवगत करवाया जाए अन्यथा बीईओ के विरूद्व विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दौंखेरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर 12 को

**नांगल चौधरी।** दौंखेरा में स्थित पुरानी सरकारी स्कूल में 12 मई को निःशुल्क चिकित्सा एवं उपचार शिविर लगाया जाएगा। जिसमें मरीजों को विभिन्न चेकअप, दवाई व इलाज उपलब्ध रहेगा। शिवम अस्पताल के डा. दीपक शर्मा ने बताया कि सुबह नौ बजे शिविर का शुभारंभ होगा। जिसमें सामान्य रोग, स्त्री प्रसूति समस्या, कान, नाक, गला व चर्म रोगों की जांच सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

### लोस व विस चुनाव के बाद होंगे नपा चुनाव

**कनीना।** नगर पालिका कनीना व अटेली के चुनाव अब लोकसभा व विधानसभा चुनावों के बाद ही संभव हैं। यहां की मतदाता सूची अपडेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। नपा का कार्यकाल करीब सालभर पूर्व पूरा हो चुका है। एसडीएम के पास नपा का चार्ज है व बुनियादी कार्य भी करवाए जा रहे हैं। कनीना व अटेली नपा में एक-एक वार्ड की बढ़ोतरी की गई है। कनीना में 14 वार्ड निर्धारित किए गए हैं।

### सागरपुर में ट्रैक्टर की बैटरी चुरा कर ले गए चोर

**मंडी अटेली।** गांव सागरपुर से अज्ञात चोर एक के ट्रैक्टर की बैटरी चुरा कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव सागरपुर निवासी चरण सिंह ने पुलिस को शिकायत दी।

### रसूलपुर का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 11 से

**कनीना।** आर्य समाज रसूलपुर का 34वां दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 11 व 12 मई को आयोजित होगा। समाज के मंडलपति सतीश आर्य ने यह जानकारी दी।

### कनीना मंडी में हृदय व नेत्र जांच शिविर 12 को

**कनीना।** सेवा भारती के सौजन्य से 12 मई को लाला शिवलाल की धर्मशाला में हृदय व नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को शिविर का आयोजन किया जाता है।

## एसई द्वारा सुलह के लिए बुलाई गई बैठक रही बेनतीजा

# अधिकारी व कर्मचारियों में बढ़ी रार एक्सईन पर लगाए गंभीर आरोप

**महेंद्रगढ़ से आए, जेई एसडीओ व कर्मचारियों ने सिंघाना रोड स्थित नहर पर स्थित कार्यालय में किया हंगामा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नहर विभाग महेंद्रगढ़ के कार्यकारी अभियंता एवं वहां के नहर कालोनीवासियों यानि अधीनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों के बीच उपजा विवाद और गहरा गया है। बुधवार को महेंद्रगढ़ के नाराज अधिकारी व कर्मचारी एकजुट होकर नारनौल मुख्यालय पहुंचे तथा एसई कार्यालय के बाहर हंगामा खड़ा कर दिया, जहां उनका यहां के स्टॉफ ने भी साथ दिया और एसई राजेश खत्री को एक ज्ञापन सौंपकर उनके विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की। इतना ही नहीं, नाराज कर्मचारी व अधिकारी लामबंद होकर सिंचाई राज्यमंत्री डा. अभयसिंह यादव के आवास पर भी गए तथा उनसे मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताते हुए अधिकारी पर अनेक गंभीर आरोप लगाए तथा उनके विरुद्ध कार्यवाही करने एवं ट्रांसफर करने की मांग की। राज्यमंत्री ने उन्हें समस्याओं का समाधान कराने तथा चुनाव उपरांत ट्रांसफर करवाने का आश्वासन दिया है।





30 नारनौल। एसई कनाल कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी व सिंचाई मंत्री को ज्ञापन सौंपने जाते नहर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### सिंचाई राज्यमंत्री के आवास पर पहुंचकर दिया ज्ञापन

कर्मचारियों द्वारा सिंचाई विभाग कार्यालय में हंगामा खड़ा करने उपरांत एसई राजेश कुमार ने उनकी अपने कार्यालय में मीटिंग बुलाई तथा अधीनस्थ स्टॉफ को विस्तार से सुना। उनकी बातें सुनने उपरांत मामला निपटाने एवं कार्यकारी अभियंता अजयेंद्र सुहाग को मौके पर बुलाकर आमने-सामने बैठाकर बात करने पर सहमति भी बनी। एक्सईएन आशुतोष यादव को भी अपने कार्यालय बुलाया। फिर सुहाग को भी बुलाया गया तथा आमने-सामने बैठाकर बात खत्म करने का प्रयास किया, लेकिन मीटिंग बेनतीजा खत्म हो गई। दूसरी ओर इससे नाराज होकर एसडीओ सुरेंद्र जांगड़ा, कई जेई एवं अन्य कर्मचारी एकजुट होकर कुछ दूरी पर हुडा सेक्टर स्थित सिंचाई राज्यमंत्री डा. अभयसिंह यादव के निवास गए तथा उन्हें एक ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर राज्यमंत्री ने उन्हें समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

एसई को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि कार्यकारी अभियंता अजयेंद्र सुहाग महेंद्रगढ़ के एसडीओ सुरेंद्र जांगड़ा व अन्य कर्मचारियों के साथ गाली-गलौच एवं दुर्व्यवहार करते हैं। इसलिए उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए। पिछले दस महीनों से नहर कॉलोनी महेंद्रगढ़ व ऑफिस परिसर में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। नहर कॉलोनी के बोरवैल को खराब हुए करीब दस महीने हो चुके हैं और इस बार में कॉलोनीवासी, जो नहर विभाग का ही है, एक्सईन अजयेंद्र सुहाग से कई बार मिलकर पानी की समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान ही नहीं हो पा रहा है। जिससे अपने पैसों से पानी का टैंकर मंगवाकर इस गर्मी के मौसम में जैसे-तैसे अपना गुजारा कर रहे हैं। ऑफिस परिसर में टॉयलेट में भी पानी नहीं रहता। जिससे पूरे ऑफिस में दुर्गंध फैली रहती है।

महिला कर्मचारी भी टॉयलेट में पानी न होने से अत्यंत परेशान रहती हैं। जब एक्सईन को इस बारे में अवगत कराया तो सभी टॉयलेट को ताला लगवा दिया। विभाग ने कुछ महीने पहले लाखों रुपये खर्च करके नहर कॉलोनी पार्क में घास व अनेक छोटे-बड़े पौधे व गमले लगवाए थे, वह भी अब पानी न होने की वजह से सूख गए हैं और पार्क बंजर हो गया है। ऑफिस परिसर में विभाग ने पिछले साल 27 लाख रुपये का खर्चा करके एयर कूलर लगाए थे, जो पानी न होने की वजह से बिल्कुल ठप्प पड़े हैं। जिससे कार्यकारी अभियंता सहित सभी अधिकारियों को अपनी समस्या बता चुके है, लेकिन इतना लंबा समय बीतने पर भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि गत सात मई को सुबह 11 बजे एसडीओ सुरेंद्र जांगड़ा व कनिष्ठ अभियंताओं के साथ पुनः अपनी समस्याओं को लेकर जब कार्यकारी अभियंता अजयेंद्र सुहाग के कार्यालय में उनसे मिलने गए तो बातों बातों में वे आपा खो बैठे और एसडीओ सुरेंद्र जांगड़ा के साथ गाली-गलौच किया और अन्य कर्मचारियों के साथ भी दुर्व्यवहार किया, जो ए क्लास अफसर को शोभा नहीं देता। उन्होंने आरोप लगाया कि वह पहले भी कई बार अभद्र व्यवहार कर चुके हैं और कर्मचारियों उनके खिलाफ रोष प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

### यह कहते हैं एसई

एसई राजेश खत्री ने बताया कि उनकी पीने के पानी की समस्या पर पब्लिक हेल्थ विभाग से बात हो गई है, जल्द समाधान करवा दिया जाएगा। एक्सइएन पर लगे दुर्व्यवहार का आरोपों की जांच के लिए कमेटी गठित कर जांच के आधार पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

### यह कहते हैं कार्यकारी अधिकारी

एक्सइन अजयेंद्र सुहाग ने बताया कि पानी की आपूर्ति पब्लिक हेल्थ का काम है, वहीं देखेंगे। आरोप हायर अथोरिटी देखेगी। मैंने लिखित में अपना पक्ष रख दिया है।



## बेस्ट सेल्फी पर पहले तीन विद्यार्थियों को 10 मिलेंगे 10, पांच व 2500 रुपये के पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राज्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बुधवार को राज्य के सभी उपायुक्त व एआरओ के साथ लोकसभा आम चुनाव की तैयारी को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस अवसर पर भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिला महेंद्रगढ़ में चुनाव के संबंध में अब तक किए गए प्रबंधों की विस्तार से जानकारी दी।वीडियो कांफ्रेस के बाद अधिकारियों की बैठक में डीसी ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार इस बार चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम को लेकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सभी स्कूली बच्चों को उनके माता.पिता तथा सगे संबंधियों की ऊंगली पर वोट डालने के बाद नीली स्याही लगी फिंगर के साथ फोटो अपलोड करने हैं।

इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कक्षा नौ से 12 तक पढ़ाने वाले अध्यापकों को पोस्टर व पंपलेट दें। पोस्टर नोटिस बोर्ड पर लगेगा। पंपलेट पर सेल्फी अपलोड करने के बारे में जानकारी दी गई है। क्यूआर कोड होगा। जिसको स्कैन करके वह अपने माता-पिता तथा सगे संबंधियों की वोट डालने के बाद फोटो अपलोड करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में सबसे अधिक फोटो अपलोड करवाने वाले स्कूल को 25 हजार का अवार्ड दिया जाएगा।

इसके अलावा भी जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाली सेल्फी पिक्चर पर विद्यार्थी को 10 हजार, पांच हजार तथा 2500 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इनका चयन राज्य मुख्यालय स्तर पर किया जाएगा। 22, 23 व 24 मई को लोगों को मतदान के लिए आने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जाए।

### आधा दर्जन पर घर में घुसकर मारपीट का मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर आधा दर्जन युवकों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। गांव चंदपुरा निवासी अभिषेक ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि गांव के साथ लगते नारनौल-रेवाड़ी रोड पर श्री श्याम ब्रिक्स कम्पनी के नाम से फैक्ट्री कर रखी है तथा फैक्ट्री में ही सर्विस स्टेशन कर रखा है, जिस पर गांव का ही निवासी साहिल को काम पर रखा हुआ है गत पांच मई को दोस्त रोहित व अभिषेक फैक्ट्री में बने कमरे में बैठे हुए थे। रात के समय दो मोटर साइकिल पर छह लड़के सवार होकर फैक्ट्री में आए, जिन लड़कों में यशवंत, हेमंत, साहिल, अंकित तथा प्रीतम बजाड़ व एक अन्य लड़का और साथ था, जो यशवंत के हाथ में लोहे की रॉड थी।

### भिवानी-महेंद्रगढ़ लोसः छंटनी के बाद 17 प्रत्याशी शेष, आज 3 बजे तक लिए जा सकते हैं नाम वापस

**नारनौल।** भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 23 उम्मीदवार में से मंगलवार को हुई छंटनी के बाद 17 उम्मीदवार शेष बचे हैं। अब नौ मई को तीन बजे तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 23 उम्मीदवारों ने कुल 30 नामांकन दाखिल किए थे। निर्धारित समय पर छंटनी का कार्य किया गया। छंटनी के बाद 17 उम्मीदवार शेष बचे हैं। जिन उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया है। उनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से राव दानसिंह, भारतीय जनता पार्टी से धर्मबीर, जननायक जनता पार्टी से बहादुर सिंह, बहुजन समाज पार्टी से सुनील कुमार शर्मा, भारतीय जवान किसान पार्टी से आनंद कुमार, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक से बलवान, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से भारत भूषण, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट से रोहतास, बहुजन मुक्ति पार्टी से वर्षा, राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी से सुभाष के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार जगदीश, जयसिंह, इंजीनियर महावीर सिंह यादव, योगबीर सिंह, वेदप्रकाश, सीमा व हेमंत शामिल हैं।

## बूंदाबांदी, गर्मी से राहत नहीं, 11 मई से फिर बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में विशेषकर पश्चिमी जिलों में भीषण गर्मी व लू अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज कर रही है। जिससे सम्पूर्ण इलाके में लगातार तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। हालांकि दोपहर बाद बूंदाबांदी से आमजन आंशिक राहत मिली, लेकिन उमस भरी गर्मी से रूबरू होना पड़ा। एनसीआर दिल्ली में केवल जिले महेंद्रगढ़ के दक्षिणी हिस्सों विशेषकर निजामपुर, नांगल चौधरी, नारनौल, अटेली व आसपास तथा रेवाड़ी के दक्षिणी हिस्सों में अचानक तेज गति से हवाएं चली व हल्की बारिश/बूंदाबांदी हुई।

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमाहन ने बताया कि जिले में नारनौल का रात्रि तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में रात्रि तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक बने हुए हैं। नारनौल का अधिकतम तापमान 41. 0 डिग्री सेल्सियस व महेंद्रगढ़ का दिन का 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि आने वाले दो तीन दिनों तक हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिले में दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। इसके बाद 11 मई से सम्पूर्ण इलाके में एक बार फिर से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा और आमजन को लू तथा प्रचण्ड गर्मी से राहत की संभावना है।

### नेशनल हाइवे पर अटेली के पास डिवाइडर से टकराई बाइक, भाई की मौत, बहन गंभीर

**मंडी अटेली।** नारनौल-रेवाड़ी नेशनल हाइवे नंबर 11 पर आस्था वाटर पार्क के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक लड़के की बहन गंभीर रूप से घायल है। मृतक राजस्थान के झुंझुनूं जिले का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार राजस्थान के झुंझुनू जिले के गांव रायपुर अहिरान निवासी करीब 20 वर्षीय अश्विनी अपनी बहन आरती के साथ रेवाड़ी से नेशनल हाईवे नंबर 11 से अपने गांव जा रहा था। इस दौरान वह अटेली के रेवाड़ी रोड पर स्थित एक आस्था वाटर पार्क के समीप पहुंचे तो बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की सहायता से उन्हें उपचार के लिए सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने अश्विनी को मृत घोषित कर दिया तथा आरती को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसका नारनौल के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव का नारनौल सामान्य अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया तथा आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

# हालत माडै, पार्टी छोड़ी तो दफ्तर से उठा लिए कुर्सी- हुक्का

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

भाजपा से अलग होने के बाद इन लोकसभा चुनाव में जननायक जनता पार्टी को छोड़-छोड़कर नेता दूसरी राजनीति पार्टियों में जा रहे है। यह सिलसिला अभी भी लगातार जारी है। इसी बीच एक ओर बात सामने आई है। नेताजी ने पार्टी क्या छोड़ी, जिला जेजेपी के नारनौल कार्यालय में रखे सोफा, कुर्सी, कूलर, फ्रीज या तक की हुक्का तक वापस मंगवा लिया गया। सोशल मीडिया पर जब इसकी चर्चा शुरू हुई तो अधिकांश ने इस सोच को 'छोटी सोच' बताया। वह बात अलग है कि फिलहाल जेजेपी के जिला अध्यक्ष ने कार्यालय में अपने स्तर पर यह व्यवस्था दोबारा कर दी है।

जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। ऐसे में राजनीति दलों से जुड़े नेता अपना फायदा देखते हुए दूसरी पार्टियों में जा रहे है। महेंद्रगढ़ जिला की बात करें तो जेजेपी को अलविदा कहने में सबसे बड़ा चेहरा कमलेश सैनी का है। उनके पास पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव का पद था। वह नारनौल नगर परिषद की चेयरपर्सन है। हाल ही में उन्होंने भाजपा ज्वाइन की है। इसी तरह तेजप्रकाश यादव एडवोकेट पार्टी में प्रदेश महासचिव पद पर थे। उन्होंने जेजेपी छोड़कर कांग्रेस का धामन थामा है। इसी तरह एक मई को जेजेपी के व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बजरंगलाल अग्रवाल




ने भी पद से त्याग पत्र दे दिया था। इनके अलावा कई ओर छोटे नेता व कार्यकर्ता है, जो जेजेपी पार्टी छोड़ चुके है।

### जेजेपी कार्यालय से उठवाया सामान

जेजेपी पार्टी ने अपना जिला कार्यालय नारनौल में सिंघाना रोड पर खोला हुआ है। हाल ही के दिनों में यहां से सोफा, कुर्सी, हुक्का, फ्रीज व कूलर गायब मिले। पार्टी कार्यकर्ताओं से पूछा तो कोई बताने को तैयार नहीं हुआ। फिर यह सामान दूसरा रखा गया। जब पार्टी नेताओं से इस मामले में पड़ताल की तो सामने आया कि उनकी पार्टी का एक नेता पार्टी छोड़ चुका है। जब उसके पास पार्टी की जिम्मेवारी थी, जब उसने कार्यालय में सोफे, कुर्सी, कूलर, फ्रीज व हुक्का रखवाया था। हालांकि वह पार्टी छोड़ने से पहले ही कई दिनों से पार्टी के कई नेताओं के आगे कह चुका था कि उसका खुद का कार्यालय तैयार हो चुका है। जो सामान उसका पार्टी कार्यालय में है, वह पहुंचा दो। यह बात उस नेता ने कई जगह कहीं। जब यह बात दुष्यंत चौटाला तक पहुंची तो हाल में ही भिवानी में चुनावी बैठक बुलाई थी। इस बैठक में दुष्यंत चौटाला ने ही जिला के दो पार्टी नेताओं से कहा कि अगर कार्यालय में यह सामान उसका है तो उन्हें दे दो। तब तक यह नेता पार्टी भी छोड़ चुका था। इसी कारण पांच सोफे, करीब 100 कुर्सियां, हुक्का व फ्रीज व कूलर उस नेता को वापस लौटा दिया।

- बोले जेजेपी जिला अध्यक्ष...चौटाला परिवार से 37 साल की वफादारी का यह सिला, यह छोटी सोच

### 37 साल की वफादारी का यह सिला

इस संबंध में जब हरिभूमि ने जेजेपी जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि हां, यह सच है। सोफा, कुर्सियां, हुक्का, फ्रीज व कूलर उस नेता को वापस दे दिया है। उस नेता ने सामान वापस करने के लिए उसे भी कहा था, तब नेता ने पार्टी छोड़ी नहीं थी। चौटाला परिवार से 37 साल की वफादारी का यह सिला है। उनकी नजर में यह छोटी सोच है। खैर, हमने यह सभी सामान दूसरा लाकर पार्टी कार्यालय में रख दिया है।

## किसानों को परेशान करने का लगाया आरोप

# रिकार्ड मिसमैच, रुकी किसानों की पेमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नांगल चौधरी मंडी में सरसों की खरीद को बंद हुए आठ दिन बीत गए हैं। अभी तक एजेंसी ने खरीदी गई सरसों का उठान नहीं करवाया है। खरीद व गोदाम के स्टॉक का मिलान नहीं होने पर एजेंसी ने किसानों की पेमेंट भुगतान करना रोक दिया। करीब दो हजार किसान रोजाना मंडी व विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। जिससे आक्रोशित आढ़तियों ने हैफेड के एमडी को शिकायत भेजकर जल्द उठान की गुहार लगाई है।

इस बारे में हनुमान, मुलायम यादव, सुनील कुमार, रामबिलास ने बताया कि हैफेड ने मार्केटिंग सोसायटी की मार्फत सरसों खरीदी है। सोसायटी ने स्थानीय आढ़तियों को एजेंट बना दिया, ताकि किसानों को ढेरी लगाने तथा तोल करवाने में सुविधा रहे। आढ़तियों की मार्फत 20 दिनों में करीब चार लाख बैग खरीदे गए, लेकिन खरीद की रफ्तार के अनुसार उठान के प्रबंध नहीं। अंतिम तीन दिनों में 2500 से अधिक किसानों ने करीब डेढ़ लाख बैग सरसों मंडी में बेची है। बंपर आवक होने के कारण मंडी की दोनों टीनशेड फड तथा सड़कें कट्टों से भरी हुई हैं। आढ़तियों ने तुलाई करके मार्केटिंग सोसायटी को दस्तावेज सौंप दिए हैं, लेकिन अभी तक लगभग 18 हजार कट्टों का जे-फार्म ऑनलाइन नहीं हुए हैं। एक लाख से ज्यादा बैग की लिफ्टिंग होनी बाकी है। इसके बाद गोदामों में स्टॉक व खरीद का रिकॉर्ड मिलान किया जाएगा। खरीदी गई सरसों को गोदामों में लगाने के बाद ही किसानों की पेमेंट रिलीज हो पाएगी। इधर सरसों बिक्री को आठ दिन बीतने के बाद किसानों ने पेमेंट के लिए चक्कर लगाने शुरू कर दिए हैं। भुगतान में देरी का भांडा आढ़तियों के सिर फोड़ते हुए झगड़ा करने पर उतारू होने लगे हैं। जिससे गुस्साए आढ़तियों ने प्रधान बिक्रम यादव मंडानियां की अध्यक्षता में बैठक की और एमडी को शिकायत भेजने का निर्णय लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी जानबूझकर सरकार के आदेशों की पालना नहीं कर रहे हैं, क्योंकि टैंडर की शर्तानुसार ठेकेदार को खरीद के तुरंत बाद कट्टों का उठान करने के निर्देश हैं, लेकिन लचर व्यवस्था के चलते मंडी में किसान व आढ़तियों को परेशानी झेलनी पड़ रही हैं।



नांगल चौधरी। धीमी लिफ्टिंग की वजह से मंडी में रखी सरसों।

### रोजाना 15-20 हजार कट्टों का होगा उठान

हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया कि लोकल गोदामों में जगह नहीं होने के कारण सरसों को सोनीपत व पानीपत भेजा जा रहा है। जिस कारण उठान की रफ्तार धीमी हो गई, लेकिन ठेकेदार को ट्रांसपोर्ट बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही 15-20 हजार बैगों का रोजाना उठान होने लगेगा। एक सप्ताह में मंडी बैलेंस को शून्य करके किसानों की पेमेंट का भुगतान कर दिया जाएगा।

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# एलर्जी की वजह से हो सकती है गले में खराश



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से गले में अकसर खराश बनी रहती है और कभी-कभी गले में दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-भूपेन, रोहतक**

यह समस्या मौजूदा समय में काफी लोगों को हो रही है, इसका सबसे बड़ा कारण एलर्जी होना है। घर से बाहर निकलने पर धूल और धुएं से लोगों को एलर्जी होती है और गले में खराश भी हो जाती है। इससे बचने के लिए आप घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी से गरारा जरूर करें, इससे राहत मिलेगी। ज्यादा समस्या हो तो एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। ठीक होने के बाद भी मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं कि ये निशान कैसे ठीक होंगे?**

**-आनंद, दिल्ली**

सामान्य तौर पर चिकनपॉक्स के निशान धीरे-धीरे जाते हैं, साथ ही यह डिपेंड करता है कि निशान किस तरह के हैं। बगैर देखे कुछ नहीं कहा जा सकता है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ मेडिसिनल क्रीम्स या लोशन बता देंगे, जिसे लगाने से दाग जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा हावी रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुरेंद्र, कोरबा**

सबसे पहले आप यह जानने की कोशिश करें कि हाल-फिलहाल में ऐसा क्या हुआ है, जिसके बाद आपके व्यवहार में यह बदलाव आया है? जो समस्या आई हो, उसका समाधान निकालना जरूरी है, इसके बाद ही आपको राहत मिलेगी। अगर आपको ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी आंखों में अकसर जलन होती रहती है। हालांकि विजन की कोई प्रॉब्लम नहीं है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-हर्ष, रायपुर**

कई बार अधिक वायु प्रदूषण होने से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आप यह देखें कि जहां रह रहे हैं, क्या वहां पर अधिक वायु प्रदूषण हो रहा है? अगर ऐसा हो रहा है तो आप घर से बाहर निकलें तो गॉगल्स या जीरो पावर का चश्मा पहनकर ही निकलें। इसके अलावा एक बार आप नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच कर यह भी पता लगाएंगे कि आंखों में संक्रमण तो नहीं है, जिसकी वजह से जलन हो रही हो।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ देर खड़े रहने से ही मेरे पैरों में झनझनाहट होने लगती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजकिशोर, भोपाल**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से मिलना चाहिए। वो एक्स-रे कराएंगे और जरूरत पड़ने पर सिटी स्कैन भी कराएंगे। इससे झनझनाहट होने की वजह पता चलेगी और उसका उपचार हो सकेगा। हालांकि कई बार न्यूरो संबंधी समस्या की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है, लेकिन यह डॉक्टर ही तय करेंगे, उसके अनुसार ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द बना रहता है। कहीं चोट भी नहीं लगी है। चलते समय या लेटते समय आराम रहता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हेमराज, जबलपुर**

सबसे पहले आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें। आजकल ज्यादातर लोगों को इसी वजह से कमर में दर्द होता है। अगर रिपोर्ट में कोई कमी आती है, तो डॉक्टर से संपर्क कर इसके लिए दवा लें और नियमित रूप से खाएं। *

**प्रस्तुति:रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

हाल में कोविशील्ड कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर कुछ फैक्ट्स सामने आए हैं। इसको लेकर देश-विदेश में लोग चिंतित हो रहे हैं। कई तरह के दुष्प्रचार भी फैलाए जा रहे हैं। वास्तव में इनकी सच्चाई क्या है, इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं और इन साइड इफेक्ट्स को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब आप जरूर जानना चाहेंगे।

# कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स घबराएं नहीं-हेल्थ का रखें ध्यान






अवेयरनेस

डॉ. नवनीत सूद
सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी
धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली

सबसे पहले तो इस बात को समझना जरूरी है कि टीकाकरण के दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ होते हैं, जबकि इन दुर्लभ दुष्प्रभावों की तुलना में टीकाकरण के लाभ कहीं अधिक हैं। अभी हाल ही में कोविड वैक्सीन, कोविशील्ड को बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकारा है कि उनकी वैक्सीन में टीटीएस (थ्रोंबोसाइटोपेनिया सिंड्रोम विद थ्रोंबोसिस) नामक साइड इफेक्ट होने की संभावना हो सकती है लेकिन यह बेहद कम है। ये न्यूनतम साइड इफेक्ट कई अन्य टीकों के साथ भी जुड़ा रहा है इसलिए आम जनता को इसको लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए और ना ही इस बारे में फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं पर भरोसा करना चाहिए।

## सालों बाद नहीं होते साइड इफेक्ट्स

किसी भी वैक्सीन से संबंधित साइड इफेक्ट्स सामान्य रूप से वैक्सीन की पहली खुराक लगने के बाद कुछ हफ्तों (1-6 सप्ताह) के अंदर ही होते हैं। ऐसे में जिन लोगों को वैक्सीन लगवाने के बाद एक महीने तक साइड इफेक्ट्स नहीं हुए हैं, उन्हें चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह सोचकर परेशान ना हों कि दो साल पहले लगाई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अब सामने आ सकते हैं।

## साइड इफेक्ट्स में शामिल लक्षण

किसी भी वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स में ज्यादातर आपको स्किन पर रेडनेस, सूजन, त्वचा की कोमलता, बदन दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना, बुखार, चिड़चिड़ापन, थकान महसूस होना, भूख ना लगना, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और दस्त आने जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

## सीरियस साइड इफेक्ट्स का रिस्क

सीरियस साइड इफेक्ट्स उन लोगों में दिख सकते हैं, जिनकी इम्यूनिटी वीक होती है। हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता यानी इम्यूनिटी दो तरह से विकसित होती है। एक टीके यानी वैक्सीन से और दूसरी संक्रमित होने पर कुदरती तौर से। कुदरती तरीके से इम्यूनिटी प्राप्त करने में दुष्प्रभाव की गुंजाइश नहीं होती। इसके बजाय वैक्सीन के जरिए इम्यूनिटी बूस्ट करने पर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। लेकिन ऐसे साइड इफेक्ट्स 6 महीने में सामने आ जाते हैं। अब तो वैक्सीनेशन के बाद 2 साल से भी अधिक का समय बीत चुका है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है।

## तब डॉक्टर से करें कंसल्ट

टीकाकरण के बाद वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अधिकतर हल्के और मध्यम होते हैं और कुछ दिनों बाद ठीक हो जाते हैं। लेकिन कुछ लोगों में ये लक्षण गंभीर भी हो सकते हैं। ऐसे में सूजन, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और बुखार के अलावा अगर आपको सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और घबराहट जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं तो आपको एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लेना चाहिए।

## साइड इफेक्ट्स की डायग्नोसिस

कोविड वैक्सीन के कारण हमारे शरीर में एस1, एस 2 प्रोटीन और म्युटेंट एस प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है और इस कारण ब्लड क्लॉटिंग के लिए जिम्मेदार सीसीआर-5 फैक्टर एक्टिवेट होने की संभावना बनी रहती है। इससे रक्त नलिकाओं पर प्लेटलेट्स चिपकने लगती हैं। इसी के चलते आगे रक्त के प्रवाह में रुकावट की संभावना हो सकती है। हालांकि इसका पर्सेंटेज बहुत ही कम होता है। लेकिन अपने मन की शंका को दूर करने के लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ब्लड में एस।, एस2 प्रोटीन के स्तर की जांच करा सकते हैं। इसके अलावा आप सीसीआर-5 लेवल, साइटोकाइन प्रोफाइल और इंफ्लेमेटरी मार्कर की भी जांच करा सकते हैं। यदि टेस्ट रिपोर्ट में इनका स्तर बढ़ा हुआ आता है तो इन्हे मेडिकल सुपरविजन में दवाओं से कम भी किया जा सकता है, जिससे भविष्य में हार्ट अटैक, बेन स्ट्रोक, पल्मोनरी इंबोलिस्म, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर की समस्या से बचा जा सकता है।



## इन बातों का रखें ध्यान

**कोविड वैक्सीन** के साइड इफेक्ट्स को लेकर किसी भी व्यक्ति को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह एक बहुत ही रेयर साइड इफेक्ट है, जो वैक्सीन लगवाने के सिर्फ एक महीने के अंदर ही हो सकता है, उसके बाद नहीं। इसलिए किसी भी तरह की भ्रामक बातों, सोशल मीडिया के अनऑथेंटिक सूचनाओं के बारे में पढ़, सुन या देखकर चिंतित ना हों। पोषक तत्वों से भरपूर सादा भोजन करें, प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी जरूर करें। अगर किसी अन्य बीमारी की दवाइयां चल रही हैं तो उन्हें बिना डॉक्टर की सलाह के रोकें नहीं। अपने शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान देते रहें और डॉक्टर से संपर्क में रहें।

## लाइफस्टाइल-डाइट प्लान में करें बदलाव

वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स होने की आशंका को खत्म के लिए आप वसायुक्त खाद्य पदार्थों का, नमक का और मिर्च-मसालों का सेवन कम करें। अपने बॉडी वेट को नियंत्रण में रखें। पानी अधिक मात्रा में पिएं। अन्य किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसकी जांच कराते रहें। फास्ट फूड के सेवन से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियों और प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। सिगरेट और शराब का सेवन ना करें। इसके साथ ही डेली व्यायाम और योगाभ्यास को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी और हेल्थ भी अच्छी रहेगी। * **प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

हेल्थ न्यूज

# विटामिन डी की कमी से बच्चों में एलर्जी का रिस्क



विटामिन डी को शरीर के लिए बहुत ही जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसकी कमी से हड्डियों के कमजोर होने का खतरा होता है, यह तो काफी लोग जानते हैं। लेकिन हाल ही में हुए एक रिसर्च में विटामिन डी की कमी और बच्चों में एक्जिमा स्किन कंडीशन होने की संभावनाओं के बीच संबंध देखा गया है। 'वर्ल्ड एलर्जी जर्नल ऑर्गनाइजेशन' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार विटामिन डी का सीधा संबंध एलर्जेन सेंसिटाइजेशन से होता है। यानी, विटामिन डी की कमी से एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के बढ़ने का खतरा अधिक होता है। शोधकर्ताओं ने अपनी स्टडी में पाया कि बचपन में विटामिन डी की कमी से बच्चों में एटॉपिक डर्मेटाइटिस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स अपने बच्चों को विटामिन डी से भरपूर फूड्स का सेवन नियमित रूप से कराएं।

रिसर्चर्स के अनुसार फैटी फिश सामन, मैकेरल और टूना जैसी मछलियां, विटामिन डी का बेहतरीन स्रोत हैं। इन मछलियों को हफ्ते में दो बार बच्चों को खिलाने से उनकी विटामिन डी की जरूरत पूरी हो सकती है। इसके अलावा अंडे, दूध, खमीर और मशरूम विटामिन डी के अच्छे सोर्स होते हैं, जिनको खाने से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

विटामिन डी पाने का सबसे अच्छा प्राकृतिक तरीका है सुबह की धूप। बच्चों को सुबह आठ-नौ बजे से पहले की धूप में 15 से 20 मिनट खेलने दें। इससे उनकी त्वचा प्राकृतिक रूप से विटामिन डी का निर्माण करेगी और बच्चों में विटामिन डी की कमी पूरी होगी। *

**प्रस्तुतिः अजेश कुमार**

औषधीय पौधे / दीपिका शर्मा

# फल ही नहीं पत्ते भी होते हैं गुणकारी



बीमारियों से बचने के लिए अच्छे खान-पान की जरूरत होती है। अच्छे खान-पान में सबसे पहले जिक्र आता है फलों का। जिनके रोजाना सेवन से हमारा स्वास्थ्य बिल्कुल दुरुस्त रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सेहत के मामले में ना सिर्फ फल बल्कि कुछ फलदार पेड़ों के पत्ते भी बेहद लाभकारी होते हैं? इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**अमरूदः** अमरूद के पत्ते भी हमें सेहतमंद बना सकते हैं। इनमें फाइबर, विटामिन ए, सी, फोलिक एसिड, पोटेशियम, तांबा और मैंगनीज भरपूर होते हैं। इसमें कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स दोनों मौजूद होते हैं, जो उन्हें एंटी-एजिंग और एंटी-कैंसर गुणों से भरपूर बनाते हैं। अमरूद के पत्तों में फेनोलिक यौगिक होने से शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके पत्तों में बायोएक्टिव कंपाउंड होता हैं, जो कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को रोकता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायता भी रहता है। प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में भी अमरूद के पत्तों को कारगर माना गया है।

**पपीताः** यदि आप पेट की समस्या से परेशान रहते हैं तो पपीते के पत्ते आपके लिए रामबाण इलाज हैं। इसके पत्तों में कई प्रकार के एंजाइम्स होते हैं, जैसे पेपीन, कायोमोपेन आदि। अगर आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है तो उसके पत्ते का रस आपके लिए बहुत लाभकारी होगा। गैस और अपच की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। डेंगू और मलेरिया में इसके पत्तों का रस बहुत लाभकारी होता है। पपीते के बीज भी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमे काफी मात्रा में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड जैसे ओलिक एसिड, पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनॉइड्स होते हैं, जो शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं।

**अंगूरः** अंगूर की पत्तियों में फाइबर की मात्रा काफी होती है। इससे पाचन धीमा होता हैं। पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। इसके पत्तों में अंगूर से भी अधिक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही इसमे मौजूद विटामिन ए की मात्रा भी आपको स्वस्थ रखती है। इसके पत्तों में कैल्शियम और आयरन भी होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और खून भी बढ़ाते हैं। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. पवन कौशिक से बातचीत पर आधारित)**

आयुर्वेद

संध्या रानी

गर्मी दिनों-दिन बढ़ रही है। इस वजह से कई लोग घमौरियों से परेशान होते हैं। उससे बचाव और उपचार के लिए आप कुछ सरल घरेलू उपायों को आजमा सकते हैं। इनसे आपको ठंड का भी एहसास होगा।

# घमौरियों से बचने के सरल घरेलू उपचार



गर्मी और उमस की वजह से घमौरी होना एक आम समस्या है। इसमें त्वचा पर अनेक छोटे-छोटे लाल दाने निकल आते हैं। इसमें खुजली और बहुत जलन होती है। यह अधिकतर पीठ, छाती, गला, कमर और बगल के आस-पास होती है। इसे मेडिकल भाषा में मिलियारिया कहते हैं। इसे प्रिक्ली हीट भी कहा जाता है।

**घमौरी के कारणः** प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार घमौरी होने का मुख्य कारण पसीने की ग्रंथियों में रुकावट होना है। शरीर में विजातीय तत्व रोम छिद्र को बंद कर देते हैं, जिसके कारण शरीर से पसीना बाहर नहीं निकल पाता है। यही वजह है कि गर्मी और उमस भरा मौसम आने पर छोटी-छोटी घमौरियां निकल आती हैं। इसमें जलन के साथ-साथ दर्द भी होता है।

**घरेलू उपचारः** घमौरियों का पूर्ण इलाज तभी संभव हो सकता है जब शरीर के रोम छिद्रों के माध्यम से जो विष घमौरी के रूप में निकलना चाह रहा है, उसे बाहर निकाल दिया जाए। इसके लिए प्राकृतिक चिकित्सा में बहुत ही कारगर उपचार है, जिसे आप आसानी से अपने घर पर ही कर सकते हैं।

**मिट्टी स्नानः** मिट्टी स्नान के लिए साफ जमीन से एक फीट नीचे की मिट्टी निकाल लें। मिट्टी से कंकड़, पत्थर और कूड़ा आदि निकाल कर साफ कर लें। फिर किसी बर्तन में रखकर पानी डाल दें। जब पानी के साथ मिट्टी गल जाए तब उसकी लुगदी सी बना लें। अब सुबह की धूप में बैठकर पूरे शरीर पर मिट्टी का गाढ़ा लेप करें। यदि धूप अधिक हो तो सिर पर कपड़ा रख सकते हैं। शरीर पर मिट्टी लेपने के बाद धूप में जरूर बैठना चाहिए। कुछ समय धूप में बैठने के बाद मिट्टी सूखकर अपने आप शरीर से छूटकर गिरने लगेगी। जब मिट्टी पूरी तरह से सूख जाए तब बची हुई मिट्टी को रगड़ कर छुड़ा देना चाहिए। इसके बाद ताजे पानी से स्नान कर शरीर को साफ कर लेना चाहिए। इस उपचार से घमौरी बिल्कुल शांत हो जाएगी और गर्मी में शरीर में कूलिंग का एहसास भी होगा। जिन स्थानों पर यह मिट्टी उपलब्ध न हो वहां मुल्तानी मिट्टी का लेप पूरे शरीर पर लगाया जा सकता है। परंतु इस स्थिति में यह ध्यान रखें कि इस लेप को सूखने पर पानी के छींटे देकर बार-बार भिगोते रहें। इस लेप को कम से कम एक घंटा लगा कर जरूर रखें। बेहतर होगा किसी अनुभवी नेचुरोथेरेपिस्ट के निर्देशन में ऐसा करें। कटि स्नान से भी घमौरियों से राहत मिलती है। इसे भी विशेषज्ञ के निर्देशन में ही लें।

**एलोवेरा का उपयोगः** एक कटोरी में एलोवेरा जैल लेकर पूरे शरीर पर लगाना चाहिए। इसका प्रयोग कम से कम तीस मिनट तक जरूर करना चाहिए। इसके बाद शरीर को ठंडे पानी से स्पंज कर लें या नहा लें। *

**(नेचुरोपैथ चिकित्साधिकारी डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन

सोनम लववंशी

सेल्फ मेडिकेशन का मतलब बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए, खुद अपने मन से, कहीं पढ़कर, सुनकर या इंटरनेट पर देखकर किसी रोग की दवा लेना। हाल के वर्षों में इसका ट्रेंड बढ़ रहा है, जबकि ऐसा करना हेल्थ के लिए बहुत हार्मफुल हो सकता है।

# हेल्थ के लिए हार्मफुल सेल्फ मेडिकेशन



घरों में अकसर बुजुर्गों से बातचीत में यह सुना जाता है कि उनके जमाने में वे कभी बीमार नहीं पड़ते थे। लोग सेहतमंद हुआ करते थे, यहां तक कि मौसम की मार भी उन पर असर नहीं करती थी। लेकिन, अब वो स्थिति नहीं रही। बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण हर व्यक्ति कभी न कभी बीमार जरूर होता है। खुद नहीं होता तो उनके परिवार में उसे इस स्थिति का सामना जरूर करना पड़ता है। इस मामले में खतरनाक बात यह है कि आजकल कई लोग बीमारियों का इलाज डॉक्टर से करवाने के बजाय खुद ही करने लगे हैं। जब ऐसे प्रयोग अपना दुष्प्रभाव दिखाते हैं, तो कई बार इसके गंभीर परिणाम तक भुगतने पड़ते हैं। यहां तक कि ऐसा करना जानलेवा भी हो सकता है। इसलिए ऐसा कुछ करने से बचना चाहिए।

**खुद डॉक्टर ना बनें :** कुछ लोगों की आदत होती है कि दोस्तों या परिवार में जैसे ही कोई बीमार होता है, उसे अपना दवा ज्ञान देना शुरू कर देते हैं। यहां तक कि खुद भी अपना इलाज करने लग जाते हैं। सर्दी-खांसी या छोटे-मोटे दर्द तक तो ठीक है, पर लक्षणों को देख कर खुद का दवा-ज्ञान या मेडिकल स्टोर वाले से दवा लेना हेल्थ के लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर सकता है। आजकल तो बहुत से लोग इंटरनेट पर भी अपना इलाज खोजने में देर नहीं करते हैं, जबकि इसके परिणाम घातक होते हैं। खासकर छोटे बच्चे, गंभीर रूप से बीमार और बुजुर्गों को तो बिना डॉक्टरी परामर्श के कतई दवा नहीं देनी चाहिए।

**डॉक्टरी परामर्श जरूरी :** डॉक्टरों का तो आए दिन इस तरह के मरीजों से पाला पड़ता है, जो खुद का इलाज करके अपनी बीमारी को और अधिक गंभीर बना लेते हैं। ऐसे मरीज डॉक्टर की सलाह को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। कई बार तो इंटरनेट रिसर्च करके टेस्ट तक करवा लेते हैं और रिपोर्ट के आधार पर दवाइयां लेना शुरू कर देते हैं। सच्चाई यह है कि अब तो किसी भी बीमारी में डॉक्टर भी बिना जांच के पेशेंट का इलाज शुरू नहीं करते हैं।

**इंटरनेट से बढ़ा ट्रेंडः** लोगों में बीमारी को लेकर सलाह लेने-देने का चलन नया नहीं है। लेकिन, इंटरनेट आने के बाद हर दूसरा आदमी खुद को आधा डॉक्टर मान लेता है। हर बीमारी के झटपट इलाज के दावों की इंटरनेट पर बाढ़ लगी हुई है। इंटरनेट पर बीमारी का इलाज ढूंढ़ना बहुत आसान होता है। इस वजह से कई लोग डॉक्टर के पास जाना भी जरूरी नहीं समझते हैं। इंटरनेट पर जानकारी भले ही सही हो, पर जरूरी नहीं कि वो उस मरीज पर असर ही करे, क्योंकि डॉक्टर मरीज की उम्र, हेल्थ कंडीशन से लेकर उसकी मेडिकल रिपोर्ट तक देखने के बाद ही इलाज करता है। यही नहीं पेशेंट को दवा लेने से कोई एलर्जी या साइड इफेक्ट न हो इस बात का भी पूरा ख्याल रखता है।

**हो सकते हैं गंभीर परिणामः** कई लोग मेडिकल स्टोर से बिना डॉक्टर की पर्ची के ही दवा ले लेते हैं। लेकिन, वे भूल जाते हैं कि मेडिकल स्टोर वाला डॉक्टर नहीं है। उसे दवा की जानकारी हो सकती है, पर जरूरी नहीं कि उसे दवा का सही डोज, मरीज के लिए उसकी जरूरी मात्रा और दवा के दुष्प्रभाव के बारे में सही जानकारी हो। ऐसा अधूरा ज्ञान पेशेंट के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। सेल्फ मेडिकेशन की आदत से कई बार छोटी बीमारी भी बहुत सीरियस हो जाती है। गलत इलाज या गैर जरूरी दवाइयों के सेवन से किडनी और लिवर जैसे अंग खराब होने का भी खतरा बना रहता है।

**प्रभावी कदम उठाने की है जरूरतः** लोगों में सेल्फ मेडिकेशन के बढ़ते ट्रेंड से चिंतित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी इंटरनेट पर मौजूद दवा संबंधी जानकारी और ऑनलाइन कंसल्टेंसी को लेकर एक रिपोर्ट सरकार को दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में टेली मेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, इंटरनेट कंसल्टेशन पर कोई नीति बनाई जानी चाहिए। हालांकि इंटरनेट की जानकारियों पर प्रतिबंध लगाना आसान नहीं है। लेकिन, चेतावनी जरूर दी जा सकती है कि दवाइयों संबंधी जानकारी का अपनी मर्जी से इस्तेमाल न करें। पर, अभी ऐसी कोई नीति नहीं बनी है। ऐसे में लोगों को खुद ही जागरूक होना जरूरी है। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया

**नारनौल।** श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के तत्वावधान में मंगलवार रात मोहल्ला खड़खड़ी में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की। सर्वप्रथम यजमान दीपक कुमार व नमन कुमार से सपरिवार पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्वलित करवाई।

### नोडल ऑफिसर कैप्टन सूबेसिंह को मातृ शोक

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी हरियाणा एक्स सर्विसमेन लीग (एचईएसएल) के नोडल ऑफिसर कैप्टन सूबेसिंह की माता लक्ष्मी देवी का बुधवार को निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थी तथा पिछले दिनों से बीमार चल रही थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। वे गांव की पंच रहने के साथ उनके दिवंगत पति आर्मी से हवलदार के पद से सेवानिवृत हुए थे।

### गांव जैलाफ में पक्षियों के लिए रखे पानी के सकोरे

**नारनौल।** प्रचंड गर्मी से पक्षियों को बचाने की मुहिम की पहल पर गांव जैलाफ में पर्यावरणविद कैप्टन गिरवर प्रसाद ने गांव की बणी में स्वयं की कड़ी मेहनत से लगाए गए पेड़ों की छांव में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखे। जिसमें गांव के युवाओं ने सहयोग किया। कैप्टन गिरवर प्रसाद ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि पक्षी पर्यावरण के सजग प्रहरी व प्रकृति की शोभा है, इसलिए हमें पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए घरों की छत व पेड़ों पर सकोरे रखने चाहिए।

### परोपकार से बड़ा कोई धर्म और कर्म नहीं होता

**महेंद्रगढ़।** परोपकार से बड़ा कोई धर्म और कर्म नहीं होता, प्यासे को पानी पिलाने से मन की तृप्ति होती है। श्री रामलीला परिषद में स्वर्गीय महावीर प्रसाद चौधरी की स्मृति में लगाए वाटर कूलर का उद्घाटन करते हुए यह संदेश उनकी पत्नी गीता देवी ने दिया। उन्होंने कहा कि संसार में मनुष्य योनि का विशेष महत्व है। मनुष्य का भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई संस्कार नहीं होता।

### राजकीय विद्यालय बाघोत में हेल्थ सप्ताह मनाया

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाघोत के प्रार्थना सभा में हेल्थ सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन भौतिक प्रवक्ता सुनील कुमार तथा अध्यक्षता प्राचार्य महेंद्र कुमार गोयल ने की। सुनील कुमार ने बच्चों को बताया कि सुबह-सुबह घर से कुछ जरुर खाकर आए तथा स्वस्थ रहें उन्होंने सबसे पहले बताया कि विश्व एड्स दिवस एक दिसंबर को मनाया जाता है।

### मौदाश्रम में तिवाड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित

**महेंद्रगढ़।** मौदाश्रम में सोमवार की शाम को एक शोक सभा आयोजित की गई। मौदाश्रम समिति ने ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान एवं गोसेवा आयोग के पूर्व सदस्य दयाशंकर तिवाड़ी के निधन पर गायत्री मंत्र का उच्चारण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। कार्यकारी प्रधान सुधीर दीवान ने कहा कि दयाशंकर तिवाड़ी बहुत मृद एवं शांत स्वभाव के व्यक्ति थे।

# मानसून सीजन से पहले ही जिले में बाढ़ प्रबंधों को लेकर तैयारी पूरी

■ 01282-251209 पर फोन कर दे सकते हैं फ्लड के बारे में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गर्मी के बाद आने वाले मानसून सीजन से पहले ही जिले में बाढ़ प्रबंधों को लेकर सभी प्रकार की तैयारी की जा रही है। जिले में 15 मई से कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि बाढ़ से संबंधित कोई भी सूचना देने के लिए जिले में 15 मई से फ्लड कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। कोई भी आमजन 01282-251209 पर फोन कर फ्लड के बारे में जानकारी दे सकते हैं।

डीसी ने कहा कि अचानक आने वाली आपदा से जान-माल को बचाने में अच्छा प्रबंधन व अधिकारियों का तालमेल सबसे अहम होता है। ऐसे में अधिकारी बाढ़ जैसी परिस्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार रहें।

### बाढ़ से सुरक्षा के ये हैं उपाय

डीसी ने बाढ़ से सुरक्षा के उपाय के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अपने शहर व गांव में बाढ़ की संभावना और बचाव के लिए बाढ़ के सबसे उच्च स्तरों को जानें। अपनी बहुमूल्य वस्तुओं और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा करने की योजना बनाएं। प्राथमिक स्वास्थ्य तथा सहायता केंद्र स्थलों की जानकारी रखें। आपातकालीन किट तैयार करें, जिसमें सूखा खाद्य पदार्थ, पेयजल, आवश्यक दवाएं, रेडियो, टॉर्च, जरूरी कागजात, आपात दूरभाष नंबर सूची, मोमबत्ती, माचिस, रस्सी आदि शामिल हो तथा इसे उपयोग के लिए चालू हालत में रखें। पालतु जानवरों को पहले से ही सुरक्षित तथा ऊंचे स्थानों पर भेज दें, यदि जल स्तर बढ़ रहा हो तो उन्हें खुला छोड़ दें। स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा बाढ़ की चेतावनी मिलने पर उसका पालन करें। अपने पड़ोसियों को सूचित करें तथा सुरक्षित ऊंचे स्थानों पर चले जाएं। उन्होंने बताया कि यदि स्थान छोड़ रहे हैं तो अपने साथ आपातकालीन किट जरूर ले जाएं। घर छोड़ने से पहले बिजली का मुख्य स्विचए गैस और पानी के नलों को बंद कर दें एवं मित्रों व रिश्तेदारों को अपने प्रस्थान की जानकारी दें। पुलिस व दमकल अधिकारियों के अनुदेशों का पालन करें व उन्हें सहयोग दें, आपकी सुरक्षा उनका ध्येय है। उबाला हुआ या क्लोरीन की टेबलेट से साफ किया हुआ पानी पिएं। सांप, विषधर जीव जंतुओं से बचकर रहे, क्योंकि बाढ़ के समय सांप के काटने की घटनाएं होती हैं। नवीनतम जानकारी के लिए स्थानीय मौसम से संबंधित समाचार रिपोर्ट को सुनें। अपने आसपास वातावरण को साफ एवं स्वच्छ रखें।

### क्या न करें

डीसी ने बताया कि बाढ़ का पानी न पिएं और न ही उससे भोजन पकाएं। बाढ़ के पानी के संपर्क में आया हुआ खाद्य पदार्थ न खाएं, न ही बाढ़ में मौजूद मछली और जलीय जीवों को खाएं। बाढ़-ग्रस्त क्षेत्र में ना जाएं तथा गाड़ी चलाने से बचें। मदद के बिना बाढ़ के पानी में ना जाएं, बच्चों को बाढ़ के पानी के पास खेलने ना दें। उन बिजली उपकरणों का प्रयोग न करें, जो बाढ़ के पानी में भीगे हो। जन प्राधिकरणों द्वारा सुरक्षित घोषित किए जाने तक अपने घर वापस न आएं। अफवाहें न फैलायें और न ही उन पर ध्यान दें।

## मानवता को जीवित रखना थीम के तहत समारोह का आयोजन

# रेडक्रॉस के इतिहास, क्रिया-कलापों और सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला

■ शिविर के दौरान 56 स्वैच्छिक रक्तदाताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। सिकंदर गहली को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से बुधवार को रेडक्रॉस कार्यालय में मानवता को जीवित रखना थीम के तहत विश्व रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत रेडक्रॉस गीत से की गई।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने कहा कि यह दिन प्राकृतिक आपदाओं, सशस्त्र संघर्षों और अन्य संकटों से पीड़ित लोगों को समर्पित है। यह रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट मूवमेंट द्वारा समर्थित मानवीय मूल्यों को उजागर करने के अवसर के रूप में भी कार्य करता है। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के इतिहास, सिद्धांतों, क्रिया-कलापों व सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस वालंटियर कीर्ति शर्मा ने हस्त निर्मित पेंटिंग कार्यालय को भेंट की। युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट व रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स के सहयोग से प्रोफेसर गीता यादव के 50वें जन्मदिवस पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें 56 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप पौधे एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। डा. एसपी सिंह ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर के अलावा टीबी व एचआईवी तथा नशामुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इसमें 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। रेडक्रॉस के 51 आजीवन सदस्यों एवं समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के आयोजकों को सदस्यता एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रोफेसर ममता शर्मा व गीता यादव, डा. रूचि, जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव, सहायक सुभाष चंद, राजकुमार व्यास, राजीव कुमार, प्रधान टींकू, मनोज सेकवाल, रवि भारती, संजय सैनी, विशाल, पूर्ण, राजीव, इंदु यादव व सरला यादव मौजूद थी।

### सिकंदर गहली को किया सम्मानित

**नारनौल।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सिकंदर गहली को सम्मानित किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से कार्यालय प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। सम्मान के तौर पर उन्हें एक प्रशस्ति पत्र देकर उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमजीजीए दीवाकर कुमार रहे, जिन्होंने सिकंदर गहली को उनके उल्लेखनीय कायार्ें के लिए यह सम्मान पत्र प्रदान किया। गौरतलब है कि सिकंदर गहली रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य हैं और अब तक लगातार 17 रक्तदान कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें हजारों यूनिट रक्त अब तक एकत्रित किया जा चुका है। सिकंदर गहली को वर्ष 2023-24 में रक्तदान शिविरों के आयोजन में सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य किया गया। इनके सहयोग व सामाजिक कायार्ें के प्रति समर्पण हेतु विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इनको यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई।


नारनौल। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने में रेडक्रॉस का कार्य अतुलनीय : डा. पूर्ण प्रभा

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. पूर्ण प्रभा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाने का सबसे बड़ा औचित्य व महत्व रेडक्रॉस संगठन के सिद्धांतों, मिशन और गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में इसकी भूमिका में निहित है। यह दिवस संकट के समय में मानवता, करुणा और एकजुटता के महत्व की याद दिलाता है। रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डा. चंद्रमोहन ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस की स्थापना आठ मई 1948 को हेनरी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में की गई थी। उन्होंने कहा कि यह दिन अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट आंदोलन के सिद्धांतों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में उनके मानवीय कायार्ें का जश्न मनाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

### विद्या देवी स्कूल अटेली में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**नारनौल।** विद्या देवी इंटर नेशनल स्कूल अटेली में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में डीपी अजीत कुमार ने बच्चों को बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस प्रतिवर्ष आठ मई को मनाया जाता है। रेडक्रॉस के संस्थापक और शांति के लिए पहले नोबल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनैंट के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। मानव जाति की भलाई इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है। यह संस्था लिंग, जाति, धर्म व समुदाय विशेष के आधार पर बिना भेदभाव किए हुए कार्य करती है। संस्था का मुख्य उद्देश्य मानव जाति का कल्याण करना है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक विक्रांत यादव बच्चों को प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजकुमार यादव व अध्यापक मौजूद थे।

### प्रवक्ता संजय शर्मा को किया सम्मानित

**नारनौल।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक व प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा को सम्मानित किया गया। जिनको सम्मान के तौर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग में राजनीतिक शास्त्र के प्रवक्ता के तौर पर कार्यरत संजय शर्मा अभी तक 30 बार रक्तदान कर चुके हैं व रेडक्रॉस के सहायतार्थ अनेक शिविर आयोजित करते रहते हैं। कार्यक्त्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिवाकर कुमार थे। अध्यक्षता नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि नेहरू युवा केंद्र के संयोजक नित्यानंद यादव, रेडक्रॉस सोसायटी से डा. एसपी यादव थे।

### जैलाफ स्कूल में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैलाफ में अंतर राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस वरिष्ठ प्रवक्ता कमलेश व डा. महताब की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस इंचार्ज धर्मसिंह के नेतृत्व में शत-प्रतिशत मतदान, सड़क सुरक्षा व रक्तदान विषयों पर पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर धर्मसिंह ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य असहाय, रोगी, युद्ध कालिन बंदियों, घायल सैनिकों व नागरिकों की देखभाल व सेवा प्रदान करना है। विश्व रेडक्रॉस संगठन की स्थापना हेनरी डुनेंट ने पांच लोगों की कमेटी के साथ 1863 में की थी।

### गोमाताओं की सेवा के लिए सवामणी लगाई

**मंडी अटेली।** श्रीकृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली में कंवर सिंह पुत्र छोटे लाल ने अपने पौत्र यक्षित के प्रथम जन्म दिन पर गोमाताओं की सेवा के लिए सवामणी लगाई। उन्होंने कहा कि गोमाता को हिंदू समुदाय में माता का दर्जा दिया जाता है। ग्रामीण इलाकों में तो आज भी हर रोज खाना बनाते समय पहली रोटी गाय के नाम की बनती है। हमें गोमाताओं की सेवा एवं उनकी रक्षा करने के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में गोशाला के प्रबंधक कैप्टन महावीर ने गांव के लोगों को कहा कि आप सभी अपने बहुमूल्य समय में से कुछ समय गोमाताओं की सेवा के लिए लगाना चाहिए।


नारनौल। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

### मानव श्रृंखला बनाकर मनाया रेडक्रॉस दिवस

**नारनौल।** मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर मानव श्रृंखला बनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में पेंटिंग, भाषण व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में मारूत सैनी ने प्रथम, दिपांशु द्वितीय, यंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में मोहम्मद साहिल ने प्रथम, निखिल तिवारी ने द्वितीय, यश सैनी व नीशु ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय चेयरमैन हितेंद्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा ने बताया कि रेडक्रॉस दिवस का मुख्य उद्देश्य असहाय घायल सैनिकों व नागरिकों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, इसलिए हम सभी को रक्तदान के जरिए जरूरतमंद की ज्यादा से ज्यादा सहायता करने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्राचार्य अवनीश कुमार, रामनिवास डीपीई, अशोक यादव, नरेश कुमार, संजय कुमार, मनमोहन, वंदना सैनी, अल्पना शर्मा, लक्ष्मी चौहान आदि मौजूद थे।

## हकेंवि में मनाया अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर मानवता को जीवित रखना पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा भारत स्काउट एंड गाइड एवं स्कूल ऑफ एजुकेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. विश्वानंद यादव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में मानवता की राह पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रो. दिनेश चहल ने मुख्यातिथि एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने मानवता को जीवित रखने का महत्त्व बताया।


महेंद्रगढ़। प्रतिभागी विद्यार्थियों से संवाद करते प्रो. विश्वानंद यादव। फोटो : हरिभूमि

आयोजन में मुख्यातिथि डॉ. विश्वानंद यादव ने कहा कि मतभेद होना लाजमी परंतु मनभेद नहीं होना चाहिए। मानव उसी को कहा जाता है जिसमें मानवता जिंदा रहे। उन्होंने यवमानवता के लिए काम करने वाले महात्मा गांधी, मदर टेरेसा, नेल्सन मंडेला का उदाहरण देकर प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में संस्कार व सुरभी ने क्रमशः पहला व दूसरा स्थान हासिल किया और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में सुरभी ने पहला व काजल ने दूसरा तथा रीना और मोनिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


नारनौल। छात्राओं को संबोधि करते प्राचार्य डा. यशपाल। फोटो : हरिभूमि

### महिला कॉलेज में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सेल द्वारा मनाया गया। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं तथा स्टाफ ने भागीदारी की। महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस की संयोजिका डॉ. साधना यादव ने बताया कि इस अवसर पर छात्राओं के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने छात्राओं को रेडक्रॉस दिवस के इतिहास तथा महत्व के बारे में विस्तार से बताया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः आरती, पायल तथा संध्या ने प्राप्त किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस की छात्राओं द्वारा रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक रैली का आयोजन भी किया गया, जिसे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यशपाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय की रेडक्रॉस की वॉलिंटियर्स ने जिला स्तरीय रक्तदान शिविर में भी भागीदारी की।

### शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में मनाया रेडक्रॉस दिवस

**नांगल चौधरी।** शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में रेडक्रॉस दिवस प्राचार्य डा. अनिल यादव की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि स्विस व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सर जीन हेंगरी ने रेडक्रॉस की स्थापना की थी। जिसको सरकार नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया था। इस साल रेडक्रॉस ने मानवता को जिंदा रखना मिशन को थीम बनाया है। उनके प्रयासों से समाज और राष्ट्र को एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश मिलता है। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी डा. ईश्वर सिंह, डा. अशोक यादव, सुनिल कुमार, रमाकांत शर्मा मौजूद थे।

### प्राकृतिक आपदा व महामारियों से संघर्ष करने का जुनून पैदा करता है रेडक्रॉस संगठन

**नांगल चौधरी।** रेडक्रॉस कम्प्यूटर सेंटर में रेडक्रॉस दिवस नवीन फौगाट की अगवाई में मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी की जीवनी का वर्णन किया तथा युवाओं को प्राकृतिक आपदा तथा महामारियों से बचाव में संस्था के योगदान से अवगत करवाया। इस दौरान शहर में रैली निकालकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा, महामारियां, सशस्त्र संघर्ष व अन्य संकट अचानक उत्पन्न होते हैं। जिनके समाधान में सामूहिक प्रयासों का सम्मलित होना जरूरी है, लेकिन संगठन के आभाव में सामाजिक स्तर पर पीड़ित को पर्याप्त सहयोग नहीं मिल पाता। इसलिए हेंगरी ने रेडक्रॉस संस्था की स्थापना की। साथ ही संस्था के लिए बीमारियों, स्वास्थ्य प्रबंधन, राष्ट्रीय संकट में सहयोग निर्धारित किया गया। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक आपदा व समाधान में रेडक्रॉस के योगदान पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया।


नांगल चौधरी। रेडक्रॉस के संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित करते युवा।


नारनौल। विश्व रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर दी विद्यार्थियों को जानकारी

**नारनौल।** जिला स्तरीय विश्व रेडक्रॉस दिवस आरपीएस पब्लिक स्कूल में प्राचार्य बाबूलाल यादव की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर निबंध तीन वगार्ें पेंटिंग, स्लोगन, लेखन, निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिताएं मतदाता जागरूकता अभियान, शत-प्रतिशत मतदान, रक्तदान जीवनदान, सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषयों पर प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यूथ ऑफिसर नित्यानंद यादव ने सभी जूनियर को यूथ के विकास के लिए विभिन्न विषयों के बारे जानकारी दी। जिला जीआरसी कोऑर्डिनेटर टेकचंद यादव ने रेडक्रॉस के संस्थापक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए रेडक्रॉस की गतिविधियों के बारे जानकारी दी गई है।



### रामचंद्र स्कूल में ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया

**महेंद्रगढ़।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल कनीना में स्कूल ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तीसरी से 10वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। कक्षा अध्यापक ने बच्चों को तीन दिन तक निगरानी में रखा, इसके बाद कोऑर्डिनेटर रितु यादव व एक्टिविटी इंचार्ज अनीता यादव ने प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी। आरआरसीएम ग्रुप चेयरमैन राव रोशनलाल ने भी इन बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रत्येक बच्चे को स्कूल ड्रेस में आने व अच्छे से रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्कूल ड्रेस भी अनुशासन का एक हिस्सा है, जिससे एक अच्छे विद्यार्थी की पहचान होती है। प्रधानाचार्या मनीषा यादव ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया व अध्यापकों ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेंद्र, विकास, सकील, लक्ष्य, आकांक्षा, सुनीता, ममता, कृष्ण व सतीश आदि उपस्थित रहे।

## गांव सैदपुर में ग्वार उत्पादन पर जागरुकता शिविर का आयोजन

# उन्नत कृषि क्रियाएं अपनाकर उत्पादन को बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव सैदपुर में ग्वार उत्पादन की उन्नत कृषि क्रियाओं विषय पर एक दिवसीय जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र तथा हिंदुस्तान गम एंड केमिकल्स भिवानी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें गांव के 80 किसानों व महिलाओं ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि किसान उन्नत कृषि क्रियाओं को अपनाकर ग्वार फसल के उत्पादन को बढ़ा सकते हैं। हिंदुस्तान गम एंड केमिकल्स भिवानी से डॉ. बीडी यादव ने बताया कि वैज्ञानिक जानकारी न होने के कारण बहुत से किसान ग्वार फसल की पूरी पैदावार नहीं ले पाते तथा पुराने, रूढ़िवादी तरीके अपनाने के कारण हर साल नुकसान उठा रहे हैं। किसानों को जल संरक्षण, जैविक खादों तथा उन्नत किस्मों से ग्वार फसल की बिजाई की ओर विशेष ध्यान देना होगा। बीज उपचार जैसे सस्ते व कारगर तरीकों की जानकारी प्राप्त कर एक आदत के रूप में अपनाना होगा, ताकि फसलों को बीज-जनित व भूमि-जनित रोगों व कीटों से बचाया जा सके। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह गवार के उखेड़ा रोग की रोकथाम के लिए कार्बनडाजिम द्वारा बीज को उपचारित करके बोएं। शिविर में इस दवा के सैंपल भी किसानों में मुफ्त बांटे गए। वैज्ञानिक डॉ. पूनम यादव ने किसानों को ग्वार फसल से मिलने वाले पोषक तत्वों के बारे में बताया। नुकसान पहुंचने वाले कीटो के बारे में जानकारी दी तथा उनके नियंत्रण के बारे में बताया। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के सस्यविभाग से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. जगदेव ने ग्वार फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष सुझाव दिए। उन्होंने किसानों को ग्वार की उन्नत किस्में जैसे एचजी- 365, एचजी-563 तथा एचजी 2-20 से बिजाई करने की सलाह दी। जागरुकता शिविर में किसानों को ग्वार फसल में नुकसान पहुंचने वाले खरपतवारों के बारे में जानकारी दी तथा उनके नियंत्रण के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में ग्वार उत्पादन विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया तथा किसानों को ईनाम देकर सम्मानित किया गया।


महेंद्रगढ़। किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

■ प्रश्नोत्तरी के विजेता किसानों को ईनाम देकर सम्मानित किया


नारनौल। छात्र दीक्षांत को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ।

### विद्या भारती स्कूल के छात्र ने जीता स्वर्ण पदक

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर के 12वीं कक्षा के छात्र दीक्षांत पुत्र रिषीपाल मेहाड़ा जाटूवास ने जिला स्तरीय में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अब यह छात्र आगे राज्य स्तर पर होने वाले टूर्नामेंट में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगा। विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने छात्र दीक्षांत को इस उपलब्धि पर फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव, प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डा. रविंद्रा यादव, प्राचार्य विनोद कुमार, उपप्राचार्य आरडी सिंह आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### एनएच 152डी पर कट मांग का लेकर धरना

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों का प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 423वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह सेहलग ने की। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को जानबूझकर अनदेखा कर रही है। इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री, रणधीर पहलवान, हरिओम पोता, बेड़ासिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशीराम, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर मौजूद रहे।

### 11 को होने वाला आर्य समाज उत्सव स्थगित

**मंडी अटेली।** आर्य समाज तिगरा-भौड़ी की ओर से 11 मई से तिगरा में दो दिवसीय आर्य समाज उत्सव स्थगित कर दिया है। जानकारी देते हुए मनोज ने बताया कि गांव में अकस्मात मौत होने के कारण दो दिवसीय आर्य समाज उत्सव स्थगित कर दिया है।

### अवैध हथियार सहित आरोपित काबू

**नारनौल।** सीआईए ने गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित सोहनलाल उर्फ सोनू पुत्र मुक्तीलाल मीणा निवासी जयपुर को अवैध हथियार के साथ मांदी बस अड्डा के पास से गिरफ्तार किया है। जिससे पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपित के खिलाफ थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सब्जी लेने आए युवक को पीटा, घायल

**महेंद्रगढ़।** शहर की सब्जी मंडी में सब्जी लेने आए एक युवक पर चार-पांच लोगों ने पीट-पीटकर घायल कर दिया। घायल को आसपास के लोग उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल युवक ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की हैं।

### मंडल के आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**नारनौल।** गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढान ने बुधवार को लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिले के विभिन्न स्थानों पर जाकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश भी जारी किए। अटेली विस के बूथ नंबर 44 व 45 पाथेड़ा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का भी निरीक्षण किया।

### मुंडिया खेड़ा में पानी की बर्बादी पर चेताया

**मंडी अटेली।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से बुधवार को ग्राम पंचायत मुंडिया खेड़ा में जल संरक्षण अभियान के तहत घर-घर जाकर जल संरक्षण व पेयजल की गुणवत्ता के संदर्भ में जागरूक किया। खंड संसाधन संयोजक धर्मेंद्र गुर्जर ने बताया कि ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों के साथ घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए आह्वान किया व खुले पड़े नलों के उपभोक्ताओं को चिह्नित किया गया।

# स्वीप एक्टिविटीः पहला मैच जीतकर फाइनल में पहुंची बैंकर्स इलेवन

- पहले मुकाबले में पीएनबी इलेवन 4 विकेट से जीता
- एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने की खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई
- नागरिकों को दिलाई मतदान करने की शपथ




नारनौल। क्रिकेट के पहले मैच का दृश्य तथा खिलाड़ियों के साथ मौजूद एडीसी दीपक बाबूलाल करवा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव नीरपुर राजपूत अटेली के सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में स्वीप एक्टिविटी के तहत विगत दिवस हुए क्रिकेट मैच के पहले मुकाबले में पीएनबी इलेवन ने डीसी इलेवन को चार विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की, साथ ही लोगों को 25 मई को मतदान करने की शपथ दिलाई। पीएनबी इलेवन और विलेजर्स इलेवन की बीच फाइनल में भिड़ंत होगी। जिला प्रशासन व पंजाब नेशनल बैंक के सौजन्य तथा सम्राट पृथ्वीराज चौहान सोशल क्लब के सहयोग से आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट के डे-नाइट मैच के पहले मुकाबले में डीसी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले खेलते हुए डीसी इलेवन 16.3 ओवर में 112 रन बनाकर आल आउट हो गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए पीएनबी इलेवन ने 16.1ओवर में ही 118 रन बना कर मैच जीत लिया। पीएनबी इलेवन ने आखिरी बाल पर सिक्सर मारकर विजय हासिल की। पीएनबी इलेवन की तरफ दीपक दहिया ने 52 रनों की शानदार पारी खेली और मैच जिताया। दीपक दहिया मैन ऑफ द मैच रहे। दीपक दहिया ने 3.3 ओवर में 20 रन देकर पांच विकेट भी लिए। डीसी इलेवन की तरफ से प्रमोद कुमार ने 25 रन सर्वाधिक बनाए और उन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट भी झटके। मैच के दौरान टीमों के खिलाड़ियों की अलग-अलग रंगों की टी-शर्ट पर स्वीप एक्टिविटी का लॉगो छपवाया गया था, जो आम नागरिकों को मतदान का संदेश दे रही थी। एक तरफ जहां हजारों नागरिकों ने मौके पर बैठकर मैच का आनंद लिया। वहीं क्रिक हीरोज एप के जरिए भी नागरिकों ने इसका लाइव स्कोर देखा। इस मौके पर एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, पीएनबी मंडल प्रमुख दीपक मेहतानी, लीड बैंक मैनेजर विजय सिंह व अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

### मैच का उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करनाः उपायुक्त मोनिका गुप्ता

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि इस मैच का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना था। दोनों टीमें अच्छा खेली हैं। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वह आगामी 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट जरूर डालें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार जिला महेंद्रगढ़ में स्वीप एक्टिविटी के तहत लगातार विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जारी है। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य लोगों तक वोट के महत्व के संदेश को पहुंचना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन चुनाव का पर्व-देश का गर्व थीम के साथ लगातार लोगों को जागरूक कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी नागरिक को मतदान केंद्र से संबंधित जानकारी लेनी हो तो वह निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर डायल कर सकता है। इसके अलावा वह अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करके अपने मतदान से संबंधित जानकारी हासिल कर सकता है।

### खेतों से नोजल व फव्वारे चोरी की घटनाओं से परेशान थे किसान

# नोजल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार चोरी की 8 वारदातों का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


- सदर थाना पुलिस टीम ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

पुलिस को नोजल चोरी के मामले में कामयाबी हाथ लगी है। खेतों से नोजल चोरी करने वाले और चोरी की नोजल खरीदने वाले आरोपितों को थाना सदर पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। डीएसपी मोहम्मद जमाल ने बुधवार को थाने में पत्रकार वार्ता कर खेतों से नोजल चोरी करने वाले का खुलासा किया हैं। डीएसपी मोहम्मद जमाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि एसपी अर्श वर्मा के निर्देशानुसार नोजल चोरी के मामले में थाना सदर व सीआईए को आरोपितों को पकड़ने के सख्त निर्देश दिए। जिनके तहत नोजल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस टीम ने नोजल चोरी करने वाले दो आरोपित राजेश वासी ढाणी रापावली माधोगढ़ जिला नीमकाथाना राजस्थान और लियाकत हुसैन वासी डारवा नगर थाना ओहाला जिला बरेली यूपी को गिरफ्तार किया है। नोजल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नोजल चुराने वाले आरोपित राजेश को बुचावास क्षेत्र से गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया, रिमांड के दौरान पूछताछ में पता लगाया कि उसने लियाकत को चोरी का सामान बेच दिया था। जिसपर पुलिस ने रेवाड़ी क्षेत्र से आरोपित लियाकत को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित कबाड़ी का काम करता है। पुलिस ने आरोपितों से 135 नोजल और 150 फुट केबल बरामद की है। पूछताछ में आरोपितों से चोरी की आठ वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपित रात के समय में नोजल चोरी की वारदातों के अंजाम देता था। आरोपितों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस कई दिनों से नोजल चोरी करने वालों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी थी। आरोपितों से पूछताछ में चोरी की काफी वारदातें खुली हैं। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि एसपी अर्श वर्मा ने पुलिस को सख्त निर्देश दिए थे कि चोरी के मामलों में आरोपितों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिनके तहत थाना सदर की टीम ने नोजल चोरी के मामलों में आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता जितेंद्र कुमार वासी बुचौली ने थाना सदर में शिकायत दर्ज कराई कि 30 अप्रैल व एक मई की रात को उसके खेत से 35 नोजल व 200 फुट की केबल कुएं से चोरी हो गई, विनोद कुमार वासी बुचौली की 15 नोजल व 100 फुट की केबल, सुनील कुमार वासी बुचौली के खेत से 20 नोजल, सत्यवीर सिंह वासी बुचौली के खेत से 12 नोजल, शेर सिंह वासी बुचौली के कुएं से 200 फुट की केबल, सतीश वासी बुचौली के खेत से 17 नोजल चोरी हो गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि यह चोरी झगडौली सीमा में नहर के पास हुई। शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सात किसानों की केबल व नोजल फव्वारा हुए चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचावास में सात किसानों की अज्ञात चोर ट्यूबवैल से 300 फीट केबल व 69 नोजल फव्वारा चोरी करके ले गए हैं। किसानों ने सदर पुजिस थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने किसान की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। गांव बुचावास निवासी किसान महेश कुमार ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि बीती 30 अप्रैल को जब वह खेत में गया तो ट्यूबवैल पर 150 फीट बिजली की केबल चोरी हो गई। इसके अलावा पड़ोस के योगेंद्र सिंह वासी बुचावास की 18 नोजल व 50 फीट बिजली की केबल, फतेह सिंह की 10 नोजल चोरी हुई मिली। इसके अलावा नहर के पार विनयपाल सिंह निवासी झगड़ौली की 14 नोजल व 100 फीट केबल, कर्मबीर की आठ नोजल, रामप्रताप वासी बुचावास की 12 नोजल व हीरालाल की सात नोजल अज्ञात चोर चोरी करके ले गया।



# फसल नुकसान पर 30 दिन में सीधे किसानों के खाते में आएंगे पैसे

- राव दानसिंह ने दादरी विधानसभा क्षेत्र के गांव का किया दौरा, ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रत्याशी का किया स्वागत
- वीरवार को होने वाले कार्यक्रमों में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

कांग्रेस की गारंटी मतलब न्याय की गारंटी है। कांग्रेस सरकार फसल नुकसान पर 30 दिन के अंदर सीधे किसानों के खाते में पैसे ट्रांसफर करेगी। इंडिया गठबंधन के महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने दादरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने वीरवार को रावधली, कमोद, जयश्री, कोहलवास, लांबा, मिसरी, मिर्च, कासनी, सॉफ, हिंडोल, सांवड़, सकरोड, संजरवास फोगाट, रणकोली, बौध कलां, बौध खुर्द, मालकोश, निमड़ी, ऊन, रानीला, बास, अचीना, भागेश्वरी, झिंझर, लोहरवाड़ा, खातिवास, समसपुर आदि गांव का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रत्याशी का स्वागत किया। निर्दलीय विधायक सोमवीर सांगवान भी उनके साथ मौजूद रहे। विधायक सोमवीर सांगवान ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। तोशाम से पूर्व प्रत्याशी सीताराम सहित अन्य कई नेताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। राव दानसिंह ने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा ने हमेशा झूठी जुमलेबाजी की राजनीति की है। अब की बार लोग भाजपा के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। आज महंगाई, बेरोजगारी व कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व श्रम क्षेत्र एवं युवाओं व मजदूरों का बुरा हाल है। हर वर्ग सरकार से दुखी है। बीजेपी द्वारा किए गए वायदे प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार देने,15 लाख खाते में डालने, किसानों की आय दुगनी करने, काला धन वापस लाने एवं अन्य लोक लुभावने वायदे झूठे साबित हो रहे हैं।

# पर्यवेक्षक ने ली लोस क्षेत्र के तीनों जिलों के अधिकारियों की बैठक

- तीनों जिलों के डीसी व एआरओ रहे मौजूद
- लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र के तीनों जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक करती सामान्य पर्यवेक्षक आर गजलक्ष्मी। फोटो : हरिभूमि

लोकसभा आम चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भिवानी-महेंद्रगढ़-08 लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक आर गजलक्ष्मी ने मंगलवार सायं लघु सचिवालय में लोकसभा क्षेत्र के तीनों जिलों के अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस मौके पर भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता, भिवानी के उपायुक्त नरेश नरवाल व चरखी दादरी की उपायुक्त मंदीप कौर भी मौजूद थे। इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में चुनाव एक शादी समारोह व त्योहार की तरह मनाया जाता है। इसी उत्साह को कायम रखने के लिए इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का पर्व देश का गर्व का लॉगो जारी किया है। ऐसे में इस चुनाव रूपी पर्व को सभी अधिकारी एक टीम भावना व समन्वय के साथ कार्य करते हुए संपन्न करवाएं। उन्होंने लोकसभा आम चुनाव के लिए तीनों जिलों के मानव संसाधन तथा मशीनी संसाधनों के बारे में बारी-बारी से समीक्षा की। सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर नजर रखें। कोई नई गाइडलाइन है तो उसके बारे में आपस में जानकारी सांझा करें। केवल अनुभव की बातें नहीं होनी चाहिए बल्कि नए नियमों के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। कोई संशय है तो हैंडबुक तथा वेबसाइट से दूर करें।

# मोदी के विकास कार्यों से बौखलाया विपक्षः धर्मबीर

- सबका साथ, सबका विकास पीएम मोदी का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। आयोजित जनसभा को संबोधित करते निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह।

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास को लेकर चल रही है। भिवानी.महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एव निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह ने महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव देवनगर, जासावास, भाण्डोर ऊंची, कौथल खुर्द, कौथल कलां, नानगवास, डेरौली जाट, कूकसी, गुलावला, खेडक्री, पाल, गडानिया, बैरावास, पल्ह, निहालावास, नांगल सिरोही, खातीवास,बेरी, भाण्डोर नीची, जोनावास, जाटवास, जांजडियावास, छाजियावास, निम्बी, दूलोठ, खेरौली व पायगा इत्यादि गांवों में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर जनजातीय संस्कृति का सम्मान और संरक्षण करेंगे, 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित किया जाएगा और डिजिटल जनजातीय कला अकादमी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन उपज पर आधारित स्टार्टअप और एसएचजीएस को प्रोत्साहन दिया जाएगा, मुद्रा ऋण को दोगुना किया जाएगा, पीएम स्वनिधि एवं पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं का विस्तार करके ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के लोगों को आजीविका के अवसर प्रदान किए जाएंगे। पीएम आवास योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देकर उनके अनुरूप किफायती एवं सुलभ आवास प्रदान करेंगे। ट्रांसजेंडर्स को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा कराए गए रिकार्ड विकास कार्य से बोखला गई है कांग्रेस पार्टी। राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर कांग्रेस सदैव चुप रही है। मोदी सरकार ने झूठे वादे नहीं किए बल्कि धरातल पर काम करे दिखाया है।

### भिवानी में रोड शो कल

पूर्व मंत्री प्रो. रामबीलास शर्मा ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो जनता से वायदा करती है उसे पूरा भी करती है। पीएम मोदी ने पिछले चुनावों के घोषणा पत्र में जनता से जो वायदे किए थे उन्हें पूरा भी करके दिखाया है और आगे भी पूरा करेंगे। 10 मई को भिवानी शहर में निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह के पक्ष में रोड शो निकालेंगे। इस मौके पर यादव सभा के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राव पायलेट,पार्षद देवेन्द्र यादव, राजेन्द्र शर्मा उर्फ राजू, विद्यानंद लांबा, कंवर सिंह यादव, दिनेश यादव,सतबीर यादव, पवन खेरवाल, ललित तंवर, बिजेन्द्र लांबा, संदीप सुंडाराम, भाजपा सहमीडिया प्रभारी एवं विधानसभा चुनाव मीडिया प्रमुख सोनू सैनी समेत अनेक भाजपा कार्यकर्त्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एडीसी ने ली सुपरवाइजरों की बैठक, बाल विवाह रोकने को सतर्क

# बाल विवाह किया तो दो साल सजा, एक लाख जुर्माना

- पुलिस हेल्पलाइन 112, मैजिस्ट्रेट या चाइल्ड हैल्पलाइन 1098 पर दें बाल विवाह की सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। बैठक में मौजूद सुपरवाइजर। फोटो : हरिभूमि

बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। बाल विवाह को रोकने के लिए पूरे समाज का सहयोग जरूरी है। आगामी 10 मई को आने वाली अक्षय तृतीया (अक्खा तीज) के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है। सभी प्रशासनिक अधिकारी बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत आगामी कार्रवाई सुनिश्चित करें। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने बुधवार को अपने कार्यालय में बाल विवाह के संबंध में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजरों की बैठक में कही। इस अवसर पर एडीसी ने कहा कि बाल विवाह से जहां एक ओर पति व पत्नी का शारीरिक विकास नहीं हो पाता, वहीं दूसरी ओर उनके होने वाले बच्चों की भी ठीक से परवरिश नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है तो दो साल तक की सजा व एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### 10 मई को अक्षय तृतीया

उन्होंने समस्त जनसाधारण गांवों के मौजिज लोगों, सरपंचों, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी वर्कर, टैंट हाउस, विवाह समारोह स्थल, नगर पार्षदों व समाज सेवियों से अपील की है कि आने वाली 10 मई अक्षय तृतीया के दिन आयोजित होने वाले बाल विवाह को रोकने में मदद करें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के आयोजन से संबंधित जानकारी देने के लिए आमजन बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पुलिस हेल्पलाइन 112, मैजिस्ट्रेट या चाइल्ड हैल्पलाइन नम्बर 1098 पर संपर्क कर सूचना दें सकते हैं। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास से जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव, संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरीता शर्मा व सुपरवाइजर मौजूद थी।



नारनौल। मनीष गोगिया को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के संस्थापक सम्मानित

**नारनौल।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर शहर की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के संस्थापक मनीष गोगिया को सम्मानित किया गया। सीएमजीजीए दीवाकर कुमार ने मनीष गोगिया को सम्मान पत्र प्रदान किया। अब तक 11 रक्तदान कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। जिनमें हजारों यूनिट रक्त अब तक एकत्रित किया जा चुका है। डा. आरपी सिंह ने संस्था की मुहिम आपातकालीन रक्तसेवा की प्रशंसा करते हुए बताया कि मनीष गोगिया ने नेतृत्व में सराहनीय काम किया।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 12 मई को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के महासचिव मुखराम सैनी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में 12 मई को सुबह 10 बजे संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के अतिरिक्त शहर के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श करके उनके समाधान के लिए सम्बंधित विभाग व जिला प्रशासन से अनुरोध किया जाएगा। इसी बैठक में मोहल्ला चांदुवाड़ा के दिपांशु के आईपीएस में चयन होने पर वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से उन्हें सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला व्यापार प्रकोष्ठ के प्रधान जयप्रकाश सर्राफ रहेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005